www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET PAPER 2 DECEMBER 28, 2008 SHIFT 1 HISTORY QUESTION PAPER

**J—0608**

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ● (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक ( कैलकुलेटर ) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

# HISTORY

## PAPER – II

**Note :** This paper contains **fifty** (50) multiple-choice questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt **all** of them.

Indian nationalism emanated from 'traditional patriotism', a socially active sentiment of attachment to land, language and cult, that developed in the subcontinent long before the process of Westernisation had begun. In India of the eighteenth and early nineteenth centuries, such sentiments were emerging on a regional basis as homeland was being defined by various terms like *desh*, *vatan* or *nadu,* where identities were gradually taking shape with the development of regional languages and religions affiliations. But although regionally centred at Bengal, Maharashtra, Awadh or Mysore, their isolation broke down through various means of communication, the political legitimacy of the Mughal empire was recognised throughout Hindustan, which was thought to be the abode of both Hindus and Muslims; and cultural barriers melted down through commercialisation and regular pilgrimages. As the East India company established its hegemony, this traditional patriotism manifested itself through various indigenous critiques of foreign rule deviating from the established ethical traditions of good government and through irate reactions to Christian missionary propaganda. Finally, it burst forth through numerous acts of resistance, participated by both princes and the commoners, culminating in the revolt of 1857. After the revolt, a modern sector of politics gradually evolved in India, through rapid spread of education, development of communication systems, such as the railways and telegraph, and the emergence of a new public space created by the colonial institutions.

**1.** The 'nationalism' in pre-colonial India meant :

(A) Patriotism

(B) Linguistic affinity

(C) Cultural construction of homeland

(D) Social activism

**2.** What contributed most to the dissolution of cultural barriers ?

(A) Commercialization

(B) Creation of mughal empire

(C) Pilgrimage

(D) Communication networks

**3.** The East India Company's rule resulted in :

(A) Evangelicalism

(B) Good Government

(C) New Ethical Tradition

(D) Consolidation of patriotic sentiments

**4.** The revolt of 1857 was :

(A) an aristocratic revolt

(B) a revolt of the common people

(C) a reactionary upsurge

(D) the culmination of the early resistance

# इतिहास

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

पश्चिमीकरण की प्रक्रिया के शुरु होने से बहुत पहले भारतीय राष्ट्रीयता का उद्भव पारम्परिक देशप्रेम से हुआ जो कि सामाजिक रूप से भूमि, भाषा, सम्प्रदाय से लगाव की सक्रिय भावना द्वारा विकसित हो गई थी। अठारहवीं और प्रारम्भिक उन्नीसवीं शताब्दी के भारत में क्षेत्रीय आधार पर ऐसी भावनाओं का उद्भव हो रहा था क्योंकि देश को विभिन्न शब्दों जैसे *देश*, *वतन* या *नाडु* से परिभाषित किया जा रहा था जहां क्षेत्रीय भाषाओं और धार्मिक सम्बन्धन के विकास के साथ धीरे-धीरे एक पहचान बनने लग गई थी। यद्यपि बंगाल, महाराष्ट्र, अवध या मैसूर में यह क्षेत्रीय रूप से केन्द्रित थी किन्तु संचार के विभिन्न माध्यमों के जरिये उनका अलगाव समाप्त हुआ। मुगल साम्राज्य की राजनैतिक वैधता को समस्त हिन्दुस्तान, जो कि हिन्दुओं और मुसलमान दोनों का निवास समझा जाता था, में मान्यता प्राप्त थीं, और सांस्कृतिक अवरोध, वाणिज्यीकरण व नियमित तीर्थ यात्राओं के जरिये क्षीण हो गया। जब ईस्ट इंडिया कम्पनी ने अपना प्रभुत्व स्थापित किया, तो यह पारम्परिक देशप्रेम, कुशल सरकार की स्थापित नैतिक परम्पराओं से हटते हुए विदेशी शासन की विभिन्न देशीय आलोचनाओं और ईसाई मिशनरी प्रचार के विरुद्ध क्रुद्ध प्रतिक्रियाओं के जरिये प्रकट हुआ। अन्ततः यह विरोध के अनेकों कृत्यों द्वारा अकस्मात् वेग के साथ प्रकट हुआ जिसमें राजकुमारों और आम जनता दोनों ने भाग लिया और यह 1857 के विद्रोह में पराकाष्ठा को पहुँच गया था। विद्रोह के बाद भारत में शिक्षा के तीव्र प्रसार, संचार प्रणाली के विकास जैसे रेलवे व टेलीग्राफ और औपनिवेशक संस्थाओं द्वारा सृजित नये सार्वजनिक क्षेत्र के जरिये राजनीति के आधुनिक क्षेत्र का धीरे-धीरे उद्भव हुआ।

**1.** प्राक्-औपनिवेशिक भारत में राष्ट्रीयता का अर्थ है :
(A) स्वदेशप्रेम
(B) भाषा की निकटता
(C) स्वदेश की सांस्कृतिक अवधारणा
(D) सामाजिक सक्रियता

**2.** सांस्कृतिक अवरोधों के विघटन में किसका सर्वाधिक योगदान था ?
(A) वाणिज्यीकरण
(B) मुगल साम्राज्य का सृजन
(C) तीर्थयात्रा
(D) संचार प्रणाली

**3.** ईस्ट इंडिया कम्पनी के शासन का परिणाम हुआ :
(A) ईसाई करण
(B) कुशल सरकार
(C) नव नैतिक परम्परा
(D) स्वदेशप्रेम की भावनाओं का सुदृढ़ीकरण

**4.** 1857 का विद्रोह था :
(A) अभिजात वर्ग का विद्रोह
(B) आम लोगों का विद्रोह
(C) प्रतिक्रियावादी लहर
(D) प्रारम्भिक विरोध की पराकाष्ठा

5. What was the most important outcome of the direct administration ?
   (A) growth of education
   (B) development of railways and telegraph
   (C) evolution of a modern sector of politics
   (D) growth of colonial institutions

6. Which among the following is associated with Palaeolithic :
   (A) Chopper-Chopping tools (B) Geometric tools
   (C) Pecking tools (D) Polished tools

7. Which among the following represents Mesolithic :
   (A) Gathering (B) Hunting
   (C) Food production (D) Domestication of animals

8. Which among the following stands for Neolithic :
   (A) Nomadism (B) Transhumance
   (C) Sedentism (D) Urbanism

9. Which of the following is associated with the Harappa Civilization ?
   (A) Chauntra (B) Langhnaj (C) Mehrgarh (D) Ahar

10. Given below are two statements one labelled **Assertion (A)** and the other labelled **Reason (R) :**
    **Assertion (A) :** The pace of human development was very slow during the stone age.
    **Reason (R) :** Primarily because humans were dependent on hit and trial method of learning.
    Read the above statements and select the correct answer from the codes below :
    ***Codes :***
    (A) **(A)** is correct, but **(R)** is wrong
    (B) Both **(A)** and **(R)** are correct
    (C) **(A)** is wrong, but **(R)** is correct
    (D) Both **(A)** and **(R)** are incorrect

11. Given below are two statements one labelled **Assertion (A)** and the other labelled **Reason (R) :**
    **Assertion (A) :** The first urbanization in India decayed by the end of 3rd millennium BC.
    **Reason (R) :** This was caused primarily by the changes in climatic conditions.
    Read the above statements and select the correct code below :
    ***Codes :***
    (A) **(A)** is correct, but **(R)** is wrong
    (B) **(A)** is incorrect, but **(R)** is true
    (C) Both **(A)** and **(R)** are correct
    (D) Both **(A)** and **(R)** are wrong

5. प्रत्यक्ष प्रशासन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण परिणाम क्या था ?
(A) शिक्षा की वृद्धि
(B) रेलवे और टेलीग्राफ का विकास
(C) आधुनिक क्षेत्र की राजनीति का उद्‌भव
(D) औपनिवेशिक संस्थाओं का विकास

6. निम्नलिखित में कौन पुरापाषाण युग से सम्बद्धित है ?
(A) चॉपर-चॉपिंग औज़ार / गंडासा-गंडासी औज़ार
(B) ज्यामितीय औज़ार
(C) टंकण औज़ार
(D) प्रमार्जित औज़ार

7. निम्नलिखित में कौन मध्य प्रस्तर युग को प्रतिरूपित करता है ?
(A) संग्रहण
(B) आखेट
(C) खाद्य पदार्थ का उत्पादन
(D) पशु पालन

8. निम्नलिखित में से कौन नव प्रस्तर युग से सम्बद्धित है ?
(A) खानाबदोशी
(B) क्षेत्रांतरण
(C) स्थायी जीवन
(D) नगरीकरण

9. निम्नलिखित में से कौन हड़प्पा सभ्यता से सम्बद्धित है ?
(A) चौन्त्रा
(B) लांगनाज
(C) मेहरगढ़
(D) अहाड़

10. नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है :
**कथन (A) :** पाषाण युग में मानव विकास की गति बहुत धीमी थी।
**कारण (R) :** प्राथमिक तौर पर क्योंकि मानव सीखने के आघात और परीक्षण विधि पर निर्भर करते थे।
उपर्युक्त कथनों को पढ़िये और नीचे दिये कूट संकेतो में से सही उत्तर का चयन करें :
***कूट :***
(A) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।
(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।
(C) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सही है।
(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

11. नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम गया दिया है :
**कथन (A) :** भारत में प्रथम शहरीकरण का तीसरी सहस्राब्दी ईसा पूर्व के अन्त में पतन हुआ।
**कारण (R) :** यह मूलभूत रूप से जलवायु सम्बन्धी स्थितियों में परिवर्तनों की वजह से हुआ था।
उपर्युक्त कथनों को पढ़िये और नीचे दिये सही कूट का चयन करिए :
***कूट :***
(A) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।
(B) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सत्य है।
(C) **(A)** और **(R)** दोनों सही है।
(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

12. Given below are two statements one labelled **Assertion (A)** and the other labelled **Reason (R) :**

**Assertion (A) :** The second urbanization occurred in the Gangetic plains during the second half of the first millennium BC.

**Reason (R) :** This was effected by the favorable climatic conditions.

Read the above statements and select the correct answer from the codes below :

***Codes :***

(A) Both **(A)** and **(R)** are incorrect
(B) Both **(A)** and **(R)** are true
(C) **(A)** is correct, but **(R)** is false
(D) **(A)** is untrue, but **(R)** is true

13. Arrange the following into sequential order and select the correct answer from the following codes :

(i) Janapada
(ii) Mahajanapada
(iii) Jana
(iv) Empire

***Codes :***

(A) (ii), (iii), (i), (iv)
(B) (iii), (iv), (ii), (i)
(C) (iv), (ii), (i), (iii)
(D) (iii), (i), (ii), (iv)

14. Arrange the following into sequential order and select the correct answer from the following codes :

(i) Junagarh inscription
(ii) Allahabad pillar inscription
(iii) Aihole inscription
(iv) Pathari Stamb inscription

***Codes :***

(A) (iv), (i), (iii), (ii)
(B) (i), (ii), (iii), (iv)
(C) (ii), (iii), (iv), (i)
(D) (iii), (iv), (i), (ii)

15. Arrange the following into sequential order and select the correct answer from the following codes :

(i) Ramayana
(ii) Samved
(iii) Mahabharata
(iv) Ashtadhyayi

***Codes :***

(A) (i), (iv), (iii), (ii)
(B) (ii), (iii), (i), (iv)
(C) (iii), (i), (ii), (iv)
(D) (iv), (ii), (i), (iii)

12. नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है :

**कथन (A) :** द्वितीय शहरीकरण पहली सहस्राब्दी ई.पू. के दूसरे उत्तरार्ध के दौरान गंगा के मैदानों में हुआ।

**कारण (R) :** यह अनुकूल जलवायु स्थितियों द्वारा प्रभावित हुआ था।

उपरोक्त कथनों को पढ़िये और नीचे दिये कूट संकेतो में से सही उत्तर का चयन करें :

***कूट :***

(A) **(A)** और **(R)** दोनों गलत है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं।

(C) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।

(D) **(A)** असत्य है, परन्तु **(R)** सत्य है।

13. निम्नलिखित को अनुवर्ती क्रम में रखें और नीचे दिये कूट संकेतो में से सही उत्तर का चयन करें :

(i) जनपद (ii) महाजनपद

(iii) जन (iv) साम्राज्य

***कूट :***

(A) (ii), (iii), (i), (iv)
(B) (iii), (iv), (ii), (i)
(C) (iv), (ii), (i), (iii)
(D) (iii), (i), (ii), (iv)

14. निम्नलिखित को अनुवर्ती क्रम में रखें और नीचे दिये कूट संकेतो में से सही उत्तर का चयन करें :

(i) जूनागढ़ अभिलेख (ii) इलाहाबाद अभिलेख

(iii) एहोल अभिलेख (iv) पथरी स्तम्भ अभिलेख

***कूट :***

(A) (iv), (i), (iii), (ii)
(B) (i), (ii), (iii), (iv)
(C) (ii), (iii), (iv), (i)
(D) (iii), (iv), (i), (ii)

15. निम्नलिखित को अनुवर्ती क्रम में रखें और नीचे दिये कूट संकेतो में से सही उत्तर का चयन करें :

(i) रामायण (ii) सामदेव

(iii) महाभारत (iv) अष्टध्यायी

***कूट :***

(A) (i), (iv), (iii), (ii)
(B) (ii), (iii), (i), (iv)
(C) (iii), (i), (ii), (iv)
(D) (iv), (ii), (i), (iii)

16. Organise the following into chronological order and select the correct answer from the following codes :

(i) Fa Hsian (ii) Megathnese

(iii) Huien Tsang (iv) Alberuni

***Codes :***

(A) (ii), (i), (iii), (iv)

(B) (iii), (ii), (iv), (i)

(C) (iv), (iii), (ii), (i)

(D) (i), (iv), (ii), (iii)

17. Match ***List-I*** with ***List-II*** and select the correct answer from the codes below :

| | ***List-I*** | | ***List-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Twin Mound System | (i) | Rig Veda |
| (b) | Vidath | (ii) | Harappa Civilization |
| (c) | Doctrine of Karma | (iii) | Arthashastra |
| (d) | Saptang Theory | (iv) | Brahmanism |

***Codes :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

18. Match ***List-I*** with ***List-II*** and select the correct answer from the codes below :

| | ***List-I*** | | ***List-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Dhamma Vijay | (i) | Samundragupta |
| (b) | Kanyopayadan | (ii) | Caravan traders |
| (c) | Poet king | (iii) | Harsh Vardhan |
| (d) | Sarthavaha | (iv) | Ashoka |

***Codes :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |

16. निम्नलिखित को कालानुसार क्रम में रखें और नीचे दिये कूट संकेतो में से सही उत्तर का चयन करें :

(i) फाह्यान (ii) मेगस्थनीज

(iii) ह्वेन सांग (iv) अल्बेरूनी

***कूट :***

(A) (ii), (i), (iii), (iv)
(B) (iii), (ii), (iv), (i)
(C) (iv), (iii), (ii), (i)
(D) (i), (iv), (ii), (iii)

17. सूची-*I* का सूची-*II* के साथ मिलान करें और नीचे दिये कूट संकेतों में से सही उत्तर का चयन करें :

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | जुड़वां टीला प्रणाली | (i) | ऋगवेद |
| (b) | विदथ | (ii) | हड़प्पा सभ्यता |
| (c) | कर्म का सिद्धान्त | (iii) | अर्थशास्त्र |
| (d) | सप्तांग सिद्धान्त | (iv) | ब्राह्मणवाद |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

18. सूची-*I* का सूची-*II* के साथ मिलान करें और नीचे दिये कूट संकेतों में से सही उत्तर का चयन करें :

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | धम्म विजय | (i) | समुद्र गुप्त |
| (b) | कन्योपायदान | (ii) | कारवां व्यापारी |
| (c) | कवि राजा | (iii) | हर्षवर्धन |
| (d) | सार्थवाह | (iv) | अशोक |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |

**19.** Match ***List-I*** with ***List-II*** and select the correct answer from the codes below :

| | ***List-I*** | | ***List-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Varnashrama | (i) | Buddhism |
| (b) | Tirthankara | (ii) | Brahmanism |
| (c) | Shaivism | (iii) | Jainism |
| (d) | Vajrayana | (iv) | Vedic |

***Codes :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**20.** Chahlghani was dominant during the reign of :
(A) Qutbuddin Aibak
(B) Iltutmish
(C) Balban
(D) Alauddin Khalji

**21.** When did Babur adopt the title of Ghazi ?
(A) 1525
(B) 1526
(C) 1527
(D) 1528

**22.** The Rishi Silsilah refers to an order of sufi saints in :
(A) Kashmir
(B) Ajmer
(C) Hyderabad
(D) Agra

**23.** Who was the writer of Safinat-ul Auliya ?
(A) Mian Mir
(B) Mulla Shah Badakhshi
(C) Nizam-ud-din Ahmad
(D) Dara Shikoh

**24.** Name the two Delhi Sultanate historians whose works bear the same title "Tarikh-i Firuzshahi" :
(A) Zia-ud-din Barani and Amir Khusrau
(B) Shams Siraj Afif and Minhaj Siraj
(C) Hasan Nizami and Amir Khusrau
(D) Zia-ud-din Barani and Shams Siraj Afif

**25.** Given below are two statements one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R) :**

**Assertion (A) :** Zāt denotes the number of troopers held by the mansabdars

**Reason (R) :** Sawār denotes the personal status and standing in the Mughal administrative hierarchy.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct.

***Codes :***
(A) **(A)** is correct, but **(R)** is wrong
(B) Both **(A)** and **(R)** are correct
(C) **(A)** is wrong, but **(R)** is correct
(D) Both **(A)** and **(R)** are wrong

19. सूची-*I* का सूची-*II* के साथ मिलान करें और नीचे दिये कूट संकेतों में से सही उत्तर का चयन करें :

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | वर्णाश्रम | (i) | बौद्धधर्म |
| (b) | तीर्थंकर | (ii) | ब्राह्मणवाद |
| (c) | शिव वाद | (iii) | जैन धर्म |
| (d) | वज्रायन | (iv) | वैदिक धर्म |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

20. चहलगानी निम्न के शासन काल के दौरान प्रमुख था :
(A) कुतुबुद्दीन ऐबक
(B) इल्तुतमीश
(C) बल्बन
(D) अलाउद्दीन खिलजी

21. बाबर ने ग़ाज़ी का खिताब कब अपनाया ?
(A) 1525
(B) 1526
(C) 1527
(D) 1528

22. निम्न में शूफी सन्तो का क्रम ऋषी सिलसिला कहलाता है :
(A) कश्मीर
(B) अजमेर
(C) हैदराबाद
(D) आगरा

23. सफ़ीनात-उल-ओलिया का लेखक कौन था ?
(A) मियां मीर
(B) मुल्ला शाह बदख्शी
(C) निजामुद्दीन अहमद
(D) दाराशिकोह

24. दिल्ली सल्तनत के दो इतिहासकारों का नाम बताइये जिनकी कृति का शीर्षक है : *'तारिख-ए-फिरोज़शाही'* :
(A) जिया-उद्-दीन बरनी और अमीर खुसरो
(B) शम्स सिराज़ अफीफ और मिन्हाज सिराज़
(C) हसन निज़ामी और अमीर खुसरो
(D) जिया-उद्-दीन बरनी और शम्स सिराज़ अफीफ

25. नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया है :
**कथन (A) :** जात इंगित करता था कि मनसबदार के पास कितने सैनिक हैं।
**कारण (R) :** सवार मुगल प्रशासन अधिक्रम में व्यक्तिगत हैसियत और पद इंगित करता है।
उपरोक्त कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?
***कूट :***
(A) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।
(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही है।
(C) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सही हैं।
(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

26. Given below are two statements one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R) :**

**Assertion (A) :** Invading of Balkh and Badakhshan and three closely spaced sieges of Qandahar by Shahjahan resulted in nothing except the shedding of blood, the killing of thirty to forty thousand of people, and the expenditure of thirty five million rupees.

**Reason (R) :** It did not have any effect on Mughal resources.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

***Codes :***

(A) **(A)** is correct, but **(R)** is wrong
(B) Both **(A)** and **(R)** are correct
(C) **(A)** is wrong, but **(R)** is correct
(D) Both **(A)** and **(R)** are wrong

27. Given below are two statements one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R) :**

**Assertion (A) :** Alauddin khalji was involved in major changes in the taxation system and collection of grain. He also undertook certain measures to ensure low prices.

**Reason (R) :** In the interests of expanding his forces and of maintaining them on low pay.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

***Codes :***

(A) **(A)** is correct, but **(R)** is wrong
(B) Both **(A)** and **(R)** are correct
(C) **(A)** is wrong, but **(R)** is correct
(D) Both **(A)** and **(R)** are wrong

28. Which of the following is chronologically correct ?

(A) Sangama, Saluva, Tuluva, Aravidu
(B) Saluva, Tuluva, Aravidu, Sangama
(C) Tuluva, Aravidu, Sangama, Saluva
(D) Aravidu, Sangama, Saluva, Tuluva

29. Arrange the following in correct sequence :

(A) Shams Siraj Afif, Abbas Khan Sarwani, Hasan Nizami, Minhaj Siraj
(B) Hasan Nizami, Minhaj Siraj, Shams Siraj Afif, Abbas Khan Sarwani
(C) Abbas Khan Sarwani, Hasan Nizami, Shams Siraj Afif, Minhaj Siraj
(D) Minhaj Siraj, Abbas Khan Sarwani, Hasan Nizami, Shams Siraj Afif

30. Arrange the following in correct sequence :

(A) Battle of Ghagra, Battle of Kalinjar, Second Battle of Panipat, Battle of Talikota
(B) Second Battle of Panipat, Battle of Kalinjar, Battle of Talikota, Battle of Ghagra
(C) Battle of Kalinjar, Battle of Ghagra, Second Battle of Panipat, Battle of Talikota
(D) Battle of Talikota, Battle of Kalinjar, Second Battle of Panipat, Battle of Ghagra

**26.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है :

**कथन (A) :** बल्ख और बदखशाँ पर आक्रमण और शाहजहां द्वारा कन्धार के एक के बाद एक तीन घेराबंदीयों का परिणाम खून बहाने, तीस से चालीस हजार लोगों की मृत्यु और पैंतीस मिलियन रुपये के व्यय के अलावा कुछ नहीं था।

**कारण (R) :** इसका मुगल संसाधनों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

उपरोक्त दो कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

***कूट :***

(A) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही है।

(C) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सही हैं।

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

**27.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है :

**कथन (A) :** अलाऊद्दीन खलजी कर प्रणाली और अनाज एकत्रीकरण में मुख्य परिवर्तनों से जुड़ा था। उसने कम कीमतें सुनिश्चित करने के लिये कुछ उपाय भी किये।

**कारण (R) :** अपनी फौज का विस्तार करने और उन्हें कम वेतन पर रखने के उद्देश्य से।

उपरोक्त दो कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

***कूट :***

(A) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।

(B) **(A)** और **(R)** दोनों सही है।

(C) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सही हैं।

(D) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

**28.** निम्नलिखित में कौनसा कालानुक्रमिक रूप से सही है?

(A) संगम, सलूवा, तुलुवा, अराविदु

(B) सलूवा, तुलुवा, अराविदु, संगम

(C) तुलुवा, अराविदु, संगम, सलूवा

(D) अराविदु, संगम, सलूवा, तुलुवा

**29.** निम्नलिखित को सही अनुक्रम में रखे :

(A) शम्स सिराज अफीफ, अब्बास खान सारबानी, हसन निजामी, मिन्हाज़ सिराज

(B) हसन निजामी, मिन्हाज़ सिराज, शम्स सिराज अफीफ, अब्बास खान सारवानी

(C) अब्बास खान सारवानी, हसन निजामी, शम्स सिराज अफीफ, मिन्हाज सिराज

(D) मिन्हाज सिराज, अब्बास खान सारवानी, हसन निजामी, शम्स सिराज अफीफ

**30.** निम्नलिखित को सही अनुक्रम में रखें :

(A) घाघरा का युद्ध, कालिंजर का युद्ध, पानीपत का द्वितीय युद्ध, तालीकोटा का युद्ध

(B) पानीपत का द्वितीय युद्ध, कालिंजर का युद्ध, तालीकोटा का युद्ध, घाघरा का युद्ध

(C) कालिंजर का युद्ध, घाघरा का युद्ध, पानीपत का द्वितीय युद्ध, तालीकोटा का युद्ध

(D) तालीकोटा का युद्ध, कालिंजर का युद्ध, पानीपत का द्वितीय युद्ध, घाघरा का युद्ध

**31.** Match ***List-I*** with ***List-II*** and select the correct answer from the codes given below :

| ***List-I*** | | ***List-II*** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Nicolo De Conti | (i) | Russia |
| (b) | Athanasius | (ii) | Italy |
| (c) | Abdur Razzaq | (iii) | Portugal |
| (d) | Domingo Paes | (iv) | Iran |

***Codes :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**32.** Match ***List-I*** with ***List-II*** and select the correct answer from the codes given below :

| ***List-I*** | | ***List-II*** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Mutamid Khan | (i) | Padshahnama |
| (b) | Lahori | (ii) | Muntkhab-ut-Tawarikh |
| (c) | Badaoni | (iii) | Iqbalnamd-i-Jahangiri |
| (d) | Khafi Khan | (iv) | Muntkhab-ul-Lubab |

***Codes :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |

**33.** Match ***List-I*** with ***List-II*** and select the correct answer from the codes given below :

| ***List-I*** | | ***List-II*** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Quwwat-ul Islam mosque | (i) | Shershah Suri |
| (b) | Alai Darwaza | (ii) | Qutbuddin Aibek |
| (c) | Atala mosque | (iii) | Alauddin Khalji |
| (d) | Rohtasgarh Fort | (iv) | Ibrahim Shah Sharqi |

***Codes :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**31.** सूची-*I* का सूची-*II* के साथ मिलान करें और नीचे दिये कूट संकेतों में से सही उत्तर का चयन करें :

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | निकोल दि कोंति | (i) | रूस |
| (b) | एथनासियस | (ii) | इटली |
| (c) | अब्दुर रज़्ज़ाक | (iii) | पुर्तगाल |
| (d) | डोमिंगो पेयस | (iv) | ईरान |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**32.** सूची-*I* का सूची-*II* के साथ मिलान करें और नीचे दिये कूट संकेतों में से सही उत्तर का चयन करें :

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | मुतामिद खान | (i) | पाद शाह नामा |
| (b) | लाहौरी | (ii) | मुंतखब-उत-तवारिख |
| (c) | बदाऊँनी | (iii) | इकबाल नामा-ए-जहांगीरी |
| (d) | खाफी खान | (iv) | मुंतखब-उल-लुबाब |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |

**33.** सूची-*I* का सूची-*II* के साथ मिलान करें और नीचे दिये कूट संकेतों में से सही उत्तर का चयन करें :

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद | (i) | शेरशाह सूरी |
| (b) | अलाई दरवाजा | (ii) | कुतुबुद्दीन ऐबक |
| (c) | अताला मस्जिद | (iii) | अलाऊद्दीन खलजी |
| (d) | रोहतासगढ़ किला | (iv) | इब्राहिम शाहशर्की |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**34.** Cornwallis code of 1793 separated :

(A) Civil from judicial administration

(B) Revenue collection from administration of civil justice

(C) The Bengal from central administration

(D) The civil from military administration

**35.** The Ulgulan (ULGULAN) was a movement of the :

(A) Agarias (B) Juangs

(C) Hos (D) Mundas

**36.** Identify the person not favouring the idea of land tax being permanently fixed :

(A) Alexander Dow (B) Henri Patullo

(C) Philip Francis (D) Warren Hastings

**37.** Given below are two statements one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)** :

**Assertion (A) :** The Roytwari system did not eliminate village elites as intermediaries between the government and the peasantry.

**Reason (R) :** The village power structure was hardly altered and even more strengthened by the new system

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

*Codes :*

(A) **(A)** is true and **(R)** is false

(B) **(A)** is false and **(R)** is true

(C) Both **(A)** and **(R)** are true

(D) Both **(A)** and **(R)** are false

**38.** Given below are two statements one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)** :

**Assertion (A) :** The goal of the extremists was swaraj, which different leaders interpreted differently

**Reason (R) :** The leaders coming from different linguistic zones understood it differently.

In the context of the above statements, which one of the following is correct.

*Codes :*

(A) Both **(A)** and **(R)** are true

(B) **(A)** is true and **(R)** are false

(C) **(A)** is false and **(R)** is true

(D) Both **(A)** and **(R)** are false

**34.** 1793 के कार्नवालिस के नियम ने पृथक कर दिया था :

(A) सिविल को न्यायिक प्रशासन से
(B) राजस्व एकत्रीकरण को सिविल न्याय प्रशासन से
(C) बंगाल को केन्द्रीय प्रशासन से
(D) सिविल को मिलिट्री प्रशासन से

**35.** उल्गुलन किस का आन्दोलन था ?

(A) अगारिया
(B) जुआंग
(C) होस
(D) मुंडा

**36.** किस व्यक्ति ने भू लगान को स्थायी रूप से निश्चित करने का पक्ष नहीं लिया था ?

(A) एलेक्सेंडर डो
(B) हेनरी पतुलौ
(C) फिलिप फ्रांसिस
(D) वारेन हेस्टिंगस्

**37.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है :

**कथन (A) :** रय्यतवारी प्रणाली ने, सरकार और काश्तकारों के बीच मध्यस्थों के रूप में ग्राम सम्भ्रान्त वर्गों को समाप्त नहीं किया।

**कारण (R) :** ग्रामीण सत्ता का ढ़ांचा मुश्किल से ही बदला था और नई व्यवस्था द्वारा ज्यादा सुदृढ़ हो गया था।

उपरोक्त दो कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

***कूट :***

(A) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** असत्य है।
(B) **(A)** असत्य है और **(R)** सत्य है।
(C) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं।
(D) **(A)** और **(R)** दोनों असत्य हैं।

**38.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया है :

**कथन (A) :** उग्रवादियों का लक्ष्य स्वराज्य था, जिसका भिन्न नेताओं ने भिन्न ढ़ंग से निर्वचन किया।

**कारण (R) :** भिन्न भाषा सम्बन्धी अंचलों से नेताओं ने इसे भिन्न रूप में समझा।

उपरोक्त कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

***कूट :***

(A) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य है।
(B) **(A)** सत्य है और **(R)** असत्य है।
(C) **(A)** असत्य है, और **(R)** सत्य हैं।
(D) **(A)** और **(R)** दोनों असत्य हैं।

**39.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R) :**

**Assertion (A) :** The Morley-Minto Reforms satisfied both the contending factions of Indian National Congress

**Reason (R) :** The Morley-Minto Reforms addressed all their concerns

In the context of the above two statements, which one of the following is correct.

***Codes :***

(A) **(A)** is true but **(R)** is false

(B) **(A)** is false but **(R)** is true

(C) Both **(A)** and **(R)** are false

(D) **(A)** is true but **(R)** does not explain **(A)**

**40.** Which of the following is chronologically correct ?

(A) Parthana Samaj - Brahmo Samaj - Arya Samaj - Poona Sarvajanik Sabha - Atmiya Sabha

(B) Atmiya Sabha - Brahmo Samaj - Parthana Samaj - Arya Samaj - Poona Sarvajanik Sabha

(C) Atmiya Sabha - Parthana Samaj - Brahmo Samaj - Arya Samaj - Poona Sarvajanik Sabha

(D) Atmiya Sabha - Brahmo Samaj - Parthana Samaj - Poona Sarvajanik Sabha - Arya Samaj

**41.** Arrange the following in chronological order :

(i) The Indian Penal Code

(ii) The code of Civil Procedure

(iii) The Criminal Procedure Code

(iv) Police Act

***Options :***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |

**42.** Arrange the following in chronological order :

(i) Satara Prati Sarkar

(ii) Mopalah

(iii) Tamralipta Jatiya Sarkar

(iv) Hool

***Options :***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

**39.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है :

**कथन (A) :** मॉरले मिन्टो सुधारों ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के विरोधी गुटों को संतुष्ट किया।

**कारण (R) :** मॉरले मिन्टो सुधारों ने उनकी सब चिन्ताओं को सम्बोधित किया।

उपरोक्त दो कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

***कूट :***

(A) **(A)** सत्य है, परन्तु **(R)** असत्य है।

(B) **(A)** असत्य है, परन्तु **(R)** सत्य हैं।

(C) **(A)** और **(R)** दोनों असत्य है।

(D) **(A)** सत्य है परन्तु **(R), (A)** की व्याख्या नहीं करता है।

**40.** निम्नलिखित को सही कालानुक्रम में रखें :

(A) प्रार्थना समाज – ब्रह्मो समाज – आर्य समाज – पूना सार्वजनिक सभा – आत्मीय सभा।

(B) आत्मीय सभा – ब्रह्मो समाज – प्रार्थना समाज – आर्य समाज – पूना सार्वजनिक सभा।

(C) आत्मीय सभा – प्रार्थना समाज – ब्रह्मो समाज – आर्य समाज – पूना सार्वजनिक सभा।

(D) आत्मीय सभा – ब्रह्मो समाज – प्रार्थना समाज – पूना सार्वजनिक सभा – आर्य समाज।

**41.** निम्नलिखित को कालानुक्रमिक रूप में रखें :

(i) इंडियन पीनल कोड

(ii) कॉड आफ सिविल प्रोसीजर

(iii) क्रिमिनल प्रोसीजर कोड

(iv) पुलिस एक्ट

***विकल्प :***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |

**42.** निम्नलिखित को कालानुक्रमिक क्रम में रखें :

(i) सतारा प्रति सरकार

(ii) मोपलाह

(iii) ताम्रलिप्त जातीय सरकार

(iv) हूल

***विकल्प :***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

www.prepp.in

**43.** Match the ***List-A*** with ***List-B*** using the code :

| | ***List-A*** | | ***List-B*** |
|---|---|---|---|
| (a) | The Emergence of Indian Nationalism | (i) | Partha Chatterjee |
| (b) | Nationalism and Colonialism in Modern India | (ii) | Anil seal |
| (c) | The Nation and its Fragments | (iii) | G. Alloysius |
| (d) | Nationalism wihout a Nation in India | (iv) | Rajnarain Chandavarkar |

**Codes :**

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**44.** Match ***List-A*** with ***List-B*** using codes :

| | ***List-A*** | | ***List-B*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Bengalee | (i). | Aurobindo Ghosh |
| (b) | Bande Mataram | (ii). | Bankim Chandra Chatterjee |
| (c) | Amrita Bazar Patrika | (iii). | Surendranath Banerjee |
| (d) | Bangabasi | (iv). | Motilal Ghosh |

***Codes :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

**45.** Match ***List-A*** with ***List-B*** using the codes :

| | ***List-A*** | | ***List-B*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Anjuman | (i). | Polygamy |
| (b) | Kulin | (ii). | Cultivator |
| (c) | Kanakkaram | (iii). | Association |
| (d) | Mitakshara | (iv). | Inheritance |

***Codes :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**43.** सूची-*I* का सूची-*II* के साथ मिलान करें और नीचे दिये कूट संकेतों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन करें।

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | दी एमरजेंस ऑफ इन्डियन नेशनलिज़्म | (i) | पार्थो चैटर्जी |
| (b) | नेशनलिज़्म एंड कोलोनियलिज़्म इन मॉडर्न इन्डिया | (ii) | अनिल सील |
| (c) | दी नेशन एण्ड इट्स फ्रैगमेन्ट्स | (iii) | जी. एलोयसियस |
| (d) | नेशनलिज़्म विदाउट ए नेशन इन इण्डिया | (iv) | राजनारायण चन्दावरकर |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**44.** सूची-*I* का सूची-*II* के साथ मिलान करें और नीचे दिये कूट संकेतों का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन करें :

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | बंगाली | (i) | अरविन्द घोष |
| (b) | बंदे मातरम | (ii) | बंकिम चन्द्र चेटर्जी |
| (c) | अमृत बाजार पत्रिका | (iii) | सुरेन्द्रनाथ बेनर्जी |
| (d) | बंगवासी | (iv) | मोतीलाल घोष |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

**45.** सूची-*I* का सूची-*II* के साथ मिलान करें और नीचे दिये कूट संकेतों में से सही उत्तर का चयन करें :

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | अंजुमन | (i) | बहु विवाह |
| (b) | कुलिन | (ii) | काश्तकार |
| (c) | कनाक्करम | (iii) | संगठन |
| (d) | मिताक्षरा | (iv) | उत्तराधिकार |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**46.** During second world war, who said, "I have not become the King's First Minister to preside over the liquidation of the British Empire".

(A) Lord Beaconsfield (B) John Lloyd

(C) Winston Churchill (D) Benjamin Disraeli

**47.** Where was the first socialist group formed ?

(A) Great Britain (B) Russia

(C) Germany (D) France

**48.** What was most obvious expression of imperialism ?

(A) Superior technology (B) Colonies

(C) Communication network (D) Cultural supremacy

**49.** Research in observation process has to be :

(A) continuous and persistent (B) occasional and general

(C) hurriedly carried proposition (D) none of the above

**50.** Who warns against defining 'behaviour' as 'rationality' ?

(A) Milton Friedman (B) Vincent J. Tarascio

(C) Werner Hochwald (D) Stark Werner

- o O o -

**46.** द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान किसने कहा था कि ''मैं राजा का प्रथम मन्त्री नहीं बना हूँ कि ब्रिटिश साम्राज्य के समापन की अध्यक्षता करूँ''।

(A) लॉर्ड बेकन्सफील्ड
(B) जॉन लॉयड
(C) विंस्टन चर्चिल
(D) बेंजामिन डिज़रेली

**47.** प्रथम समाजवादी समूह कहां बना था ?

(A) ग्रेट ब्रिटेन
(B) रूस
(C) जर्मनी
(D) फ्रांस

**48.** साम्राज्यवाद की सर्वाधिक सुस्पष्ट अभिव्यक्ति क्या थी ?

(A) श्रेष्ठ प्रौद्योगिकी
(B) उपनिवेश
(C) संचार तन्त्र
(D) सांस्कृतिक सर्वोच्चता

**49.** अवलोकन प्रक्रिया में शोध को होना चाहिये :

(A) सतत एवं दीर्घस्थायी
(B) यदाकदा एवं सामान्य
(C) प्रस्ताव को शीघ्रता से पूरा करना
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**50.** 'व्यवहार' को 'तर्कसंगति' के रूप में परिभाषित करने के लिये किसने सावधान किया ?

(A) मिल्टन फ्रीडमैन
(B) विंसेन्ट जे. तारासिओ
(C) वर्नर हॉशवाल्ड
(D) स्टार्क वर्नर

- o O o -

## Space For Rough Work